तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार, 17 अप्रैल 2024

12 भाजपा का संकल्प पत्र सभी वर्गों के विकास की...

12 तालाबों को भरने छोड़ा पानी, माहभर पहले बनी...




SR Water Finders & Purifiers
सेटेलाइट (GPS) के द्वारा जमीन के नीचे पानी की सटीक जाँच
पानी की खोज विशेषज्ञ
जमीन के नीचे जल स्त्रोत की सटिक जानकारी उपलब्ध करायी जाती है.
प्लाट एवं खेतों में पानी खोजने की अत्याधुनिक मशीन.
100% वैज्ञानिक विधि द्वारा
पानी स्त्रोत की जांच 2 प्रकार के प्रक्रिया से की जाती है.
1. पानी स्त्रोत के प्वाईंट की जाँच,
2. पानी का स्त्रोत कितने फीट पर होगा एवं पानी की उपलब्धता.
सौरभ - 93015-33000
वैशाली नगर, राजनांदगांव

# रामनवमी आज, जिलेभर में डेढ़ सौ से ज्यादा जोड़े लेंगे सात फेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एक ओर जहां जिले में शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों में शादी विवाह का सीजन शुरू हो गया है।

■ बाल विवाह रोकने प्रशासन मुस्तैद, नजर रख रही अधिकारियों की टीम

आज रामनवमी के शुभ दिन में जिले भर में 150 से अधिक वर वधु के जोड़े सात फेरे लेंगे, वहीं शादी का दौर आगामी अक्षय तृतीया के दिन तक चलता रहेगा।

शादी विवाह के सीजन में अक्सर बाल विवाह की खबरें भी सामने आती हैं और हर साल ऐसे बाल विवाह करने वालों की जानकारी लगते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर समझाइस के साथ चेतावनी देते हुए बाल विवाह को रोका जाता है। दरअसल बाल विवाह समाजिक बुराई के साथ ही कानूनन अपराध भी है। लड़की की उम्र 18 वर्ष से कम और लड़के की उम्र 21 वर्ष से कम होने के बावजूद विवाह करना गलत है। बाल विवाह को रोकने हर साल जागरूकता अभियान चलाया जाता है, लेकिन कहीं न कहीं जानकारी के अभाव में या जानबूझकर भी लोग बाल विवाह करने से अपने आप को रोक नहीं पाते। 17 अप्रैल यानि कि आज रामनवमी तथा 10 मई को अक्षय तृतीया पर्व है। मान्यता के अनुसार इस अवसर पर कोई भी कार्य करने के लिए शुभ माना जाता है, जिसके लिए किसी विशेष मुहूर्त की आवश्यकता नहीं होती है। इसे अबुझ मुहूर्त भी कहा जाता ▶▶| शेष पेज 11 पर

## अबूझ मुहूर्त के कारण इस दिन बड़ी संख्या में होते हैं वैवाहिक कार्यक्रम

### कलेक्टर ने ली बैठक

बाल विवाह के रोकथाम के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं, इसके रोकथाम के लिए कलेक्टर ने आलाधिकारियों की बैठक लेने के साथ ही दिल्ली से भी इस संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक ली गई। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बाल विवाह को रोकने तमाम अधिकारी युद्धस्तर पर तैयारी कर रहे हैं और सक्रिय हो गए हैं।



### तीन साल में प्रशासन ने रूकवाए 12 बाल विवाह

जानकारी के अनुसार बीते तीन सालों में जिले में 12 बाल विवाह को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी तथा उनकी टीम जिसमें राजस्व विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, चाइल्ड लाइन, महिला बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बाल विवाह को रोका गया तथा समझाइश दी गई। हालांकि बाल विवाह के आंकड़ों में कमी आई है। साल 2021 में 7 बाल विवाह रोके गए, साल 2022 में 4 बाल विवाह रोका गया, तो वहीं पिछले साल 2023 में मात्र एक बाल विवाह को रोका गया।

## नवरात्रि विशेष



### नवमी: सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

## पर्व : महाअष्टमी पर हवन-पूजन कर दी पूर्णाहुति

# 11 सौ कन्याओं को कराया भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

चैत्र नवरात्रि पर्व आज समाप्त हो रहा है। मंगलवार को जिले भर के देवी मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना के साथ हवन किया गया। हवन के बाद से ही ज्योतिकलश व जंवारा विसर्जन का क्रम शुरू हो गया था जो आज दिन भर जारी रहेगा। जिला मुख्यालय के चंडी मंदिर, शीतला मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, मोखला मांझी मंदिर, कपिलेश्वर मंदिर, दुर्गा मंदिर में सुबह से ही हवन किया गया, वहीं देवी स्वरूप नन्हें बच्चियों को नौकन्या भोज कराया गया। इसके साथ ही माता को चढ़ने वाली तमाम श्रृंगार सामाग्री भेंट की गई। नौकन्या भोज के बाद श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद के रूप में भंडारा का आयोजन किया गया, जहां सैंकड़ों दर्शनार्थियों ने भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। मंगलवार को जहां जिले भर के तमाम देवी मंदिरों में हवन-पूजन के बाद नौकन्या भोज किया गया, तो वहीं आस्था का केंद्र गंगा मैया मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी करीब 1100 कन्याओं को एक साथ नौकन्या भोज कराया गया।





### रामनवमीं पर होगी महाआरती

रामनवमी के पावन पर्व पर बालोद नगर में मंदिर परिवार एवं सर्व सनातन हिंदू द्वारा विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके तहत शीतला मंदिर में सायं 4 बजे महाआरती तत्पश्चात शोभायात्रा निकाली जाएगी। जयस्तभ चौक मंदिर में शाम 5 बजे सर्वमनोकामना महाआरती, पुराना बस स्टैंड शिव मंदिर में दोपहर 12 बजे राम जन्मोत्सव एवं शाम 6 बजे महाआरती एवं क्रमशः राम मंदिर, हनुमान मंदिर, गणेश मंदिर मौर्या मंडल, मोखला मांझी मंदिर परिवार द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया है।

## सियादेवी, गंगा मैया और रानी मां मंदिर में लगा श्रद्धालुओं का तांता

**बालोद**। जिले के प्रसिद्ध दार्शनिक स्थल माँ सियादेवी, गंगा मईया और रानी माँ में अष्टमी के दिन श्रद्धालुओं की भीड़ माता के दर्शन के लिए जुटी। नवरात्रि के पावन पर अष्टमी और हवन का विशेष दिन होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। जिले के प्रमुख सियादेवी मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर नौ कन्या भोज और हवन पूजन कर अष्टमी का पावन पर्व मनाया गया। जहाँ सैकड़ों की संख्या मे श्रद्धालुओं का तांता मंदिर दर्शन के साथ ही हवन पूजन कार्यक्रम में शामिल होने लगा रहा। इस दौरान जसगीत झांकी का आयोजन भी मंदिर समिति के द्वारा किया गया था। इसके साथ ही भव्य भंडारे की व्यवस्था भी मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं के लिए की गईं थी।

**सियादेवी में मंदिर में विसर्जन कार्यक्रम-** सियादेवी मंदिर में हवन का कार्य सम्पन्न मंगलवार को होने के बाद आज बुधवार को सुबह 9 बजे से ही ज्योति विसर्जन का कार्यक्रम होगा। जहाँ आस्था के ज्योति प्रज्वलित करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए पहुँचती है।





### कपिलेश्वर मंदिर में किया गया हवन-पूजन

**बालोद**। नगर में स्थित कपिलेश्वर मंदिर में नवरात्रि पर्व की अष्टमी पर पूजा-अर्चना कर हवन किया गया। कार्यक्रम में मंदिर समिति के सदस्यों के साथ ही नयापारा के निवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### शीतला मंदिर में हुआ सर्वदेव पूजन

हरिभूमि न्यूज लाटाबोड़। ग्राम में जब भी कोई मंगल कार्य या पूजा पाठ की बात हो तो सबसे पहले ग्रामवासी गांव के (डिहवारी माता) शीतला माता को पहले याद करके पूजते हैं। इसी तरह मंगलवार को ग्राम कामरौद के ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम के सभी देवी-देवताओं के स्थान को पक्का निर्माण कर नवरात्रि के पहले दिन सर्वदेव पूजा कराया गया।



नवरात्रि के समय मंदिर में ज्योत जलने से पहले मां शीतला मंदिर में ज्योत जलाया जाता है व हवन पूजन का कार्यक्रम भी पहले शीतला मंदिर में किया जाता है। सरपंच चमेली खिलनंद पटेल के सहयोग से मंदिर के निकट बिजली पोल, लाइट एवं बोर खनन कर पानी की व्यवस्था किया गया है। ग्रामीणों ने बताया की शीतला माता मंदिर पहुंच मार्ग के अंतर्गत नाला में पुलिया निर्माण को लेकर लगातार दो साल से जिला पंचायत में आवेदन किया जा रहा है, परंतु आज तक इस पर ध्यान नहीं दिया गया। मंगलवार को शीतला मंदिर में हवन पूजन के दौरान खिलानन्द पटेल अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, उपाध्यक्ष पुराणिक साहू, सचिव ईश्वर साहू, हीरा सिंह पटेल, हरिकिशन साहू, सालिक पटेल, भीम साहू, रघुबीर ठाकुर, दीनू राम कंवर, खिलानंद ठाकुर, सुंदर, अश्वनी, चोवा राम, संतोष राजू, विक्रम राकेश, नरोत्तम साहू, हिरेंद्र साहू, शिव साहू, धनेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### बाबा दरबार में हुआ हवन-पूजन

**अंडा**। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में चैत्र नवरात्रि पर्व पर महाष्टमी हवन का दरबार के लक्ष्मण बाबा, पंडित विनय शर्मा के द्वारा संपन्न किया गया। हवन के बाद नौकन्या पूजन-भोज कराया गया। इस अवसर पर भक्तों में खीर-पूरी का प्रसादी बांटा गया। हवन में शामिल होने दूर-दराज से श्रद्धालु यहां पहुंचे थे। इसमें मुख्य रुप से राजू यादव, विनोद साहू, गुलाब साहू, नंद पंडा, मनसुखा साहू, गज्जू रायपुरिया, बबलू साहू, चीन्टू साहू, भोलू साहू, वासुदेव सपरे, उपसरपंच सुंदर स्प्रे, योगेश साहू, मुनना गंधर्व, दिनेश साहू, श्रीमती कौशिल्या सेन, टिकेशवरी साहू आदि भक्तगण बड़ी संख्या में शामिल रहे। बुधवार शाम 4 बजे से ज्योति विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कि ग्राम का भ्रमण करते हुए शीतला तालाब पहुंच कर समाप्त होगी। यह जानकारी दरबार प्रति निधि चंद्रकांत कोसरे जी एवं कुंज लाल साहू ने दी।



# सतीश ने छोड़ी कांग्रेस, भाजपा में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल की नामांकन रैली व सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में सोमवार को गुण्डरदेही के पूर्व विधायक व दिग्गज कांग्रेस नेता रहे स्व.घनाराम साहू के बेटा सतीश साहू ने भाजपा की सदस्यता ली।



■ युकां के प्रदेश सचिव से लेकर कांग्रेस के जिला महामंत्री का निभा चुके हैं दायित्व

श्री साहू 25 वर्षों तक लगातार युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव, जिला कांग्रेस बालोद के महामंत्री व वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग में महामंत्री के रूप में पार्टी के दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों के कुशासन खासकर लोक सेवा आयोग जैसे राज्य की भर्ती परीक्षाओं में जिसमें युवाओं के भविष्य निर्भर करता है, ऐसी जगह में भ्रष्टाचार होना बर्दाश्त से बाहर है। श्री साहू ने कहा कि भारत को सशक्त एवं संपन्न राष्ट्र बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुनः चुनकर आना आवश्यक है। मोदी के हाथों ही देश सुरक्षित रहेगा। उन्होंने पार्टी के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की बात कही। श्री साहू ने कहा कि दुर्ग लोकसभा एवं कांकेर लोकसभा में वे पार्टी के निर्देशानुसार कार्य करेंगे।

## कर्मा महोत्सव व आदर्श विवाह समारोह 22 को सीएम साय होंगे शामिल

**अंडा**। जिला स्तरीय कर्मा महोत्सव एवं आदर्श विवाह ग्राम गोड़ेला परिक्षेत्र मोहंदीपाट में 22 अप्रैल दिन सोमवार को सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। उक्त आयोजन जिला साहू संघ बालोद के तत्वावधान में तहसील अर्जुन्दा के विशेष सहयोग से होगा। कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि, अरुण साव उप मुख्यमंत्री, टहलसिंह साहू अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छ.ग., विशिष्ट अतिथि विरेन्द्र साहू पूर्व विधायक, प्रीतम साहू पूर्व विधायक, हलधर साहू महामंत्री प्रदेश साहू संघ, रमेश सोनवानी उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छ.ग., पवन साहू प्रमुख सलाहकार प्रदेश साहू संघ छ.ग., रामेश्वर ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत गोड़ेला होंगे। प्रातः 8 बजे से कलश यात्रा, प्रातः 11 बजे से भक्त माता ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### करंट लगने से महिला की मौत

**बालोद/कलंगपुर**। थाना रनचिराई अंतर्गत ग्राम रजोली में करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।



सोमवार को ग्राम रजोली भाटापारा की श्याम बाई यादव पति बिसेलाल यादव 56 वर्ष अपने घर में नल से पानी भरते समय नल में टूल्लू पंप मोटर को चालू करने के लिए मोटर के वायर को बोर्ड स्वीच में लगा रही थीं, कि अचानक वह तार से चिपक गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय घर मे उनके नाती एवं छोटे बच्चे मौजूद थे, जिन्होंने किसी तरह लकड़ी डंडे के सहारे से मोटर के वायर को वहां से हटाया और घटना की जानकारी अपने परिजनों एवं पडोसियों को दी। रनचिराई पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### मकान से जेवरात पार

**भिलाई**। सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## माइक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे सामान्य प्रेक्षक, दिए दिशानिर्देश

# निर्वाचन प्रक्रिया में माइक्रो आब्जर्वर की महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ रेजू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. एमटी रेजू ने कहा कि सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में माइक्रो आब्जर्वर के कार्यों एवं दायित्वों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है।

डॉ. रेजू जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित माइक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर निर्वाचन आयोग के नाक, कान एवं आँख बनकर निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। डॉ. रेजू ने जिले के सभी माइक्रो आब्जर्वर को बालोद जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से तथा पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न कराने हेतु विशेष सावधानी एवं सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने निर्वाचन प्रक्रिया में माइक्रो आब्जर्वर के भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए बालोद जिले में सफलतार्पूक निर्वाचन संपन्न कराने हेतु निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। चन्द्रवाल ने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाईश बिल्कुल भी नहीं होती है।

### अपने कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त करें




कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन कार्य को त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी माइक्रो आब्जर्वर को पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त करना चाहिए। जिससे की जिले में बिना किसी अवरोध के निर्विघ्न रूप से निर्वाचन संपन्न हो सके। प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों के द्वारा माइक्रो आब्जर्वर को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर की पत्नी अनामिका ने नौ कन्याओं को भेंट की थाली

**बालोद**। कन्या भोज के कार्यक्रम में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की पत्नी अनामिका सिंह चंद्रवाल ने चैत्र नवरात्रि के अष्टमी के अवसर पर गंगा मईया मंदिर पहुंचकर हवन पूजन किया। उन्होंने 9 कन्या भोज के समय भाग लेकर बच्चों को भेंट स्वरूप थाली प्रदान की।



हरिभूमि
पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

